संविदा पर वर्षों से नियोजित वाहन चालक स्थायीकरण और नियमित वेतनमान के हकदार

समान कार्य के लिए समान वेतन

जी. के. छिब्बर

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की एकल पीठ, न्यायमूर्ति हरप्रीत सिंह बरार ने मुकेश कुमार एवं अन्य बनाम स्टेट ऑफ पंजाब की याचिका में महत्वपूर्ण निर्णय दिया है कि वर्षों से लगातार संविदा पर नियोजित ड्राइवर/कंडक्टर नियमित वेतनमान के साथ नियमितीकरण के हकदार हैं।

याचिकाकर्ताओं की याचिका के अनुसार, विधिवत चयन प्रक्रिया से 2010 में वाहन चालक/परिचालक पद पर नियुक्त किए गए थे, परन्तु उन्हें संविदा नियुक्ति पर नियत वेतन पर नियोजित किया गया था। उन्हें स्थायी कर्मचारी का दर्जा नहीं था और उनका नियत वेतन भी कम किया जा रहा था, जिसे चुनौती दी गई थी। जबकि उनके समान वाहन चालक नियमित वेतनमान और सुविधाएं प्राप्त कर रहे थे। इस तरह समान कार्य समान वेतन नियम का उल्लंघन हो रहा था।

उच्च न्यायालय ने याचिका स्वीकार करते हुए निर्णय दिया कि जब विधिवत चयन प्रक्रिया से योग्यता के आधार पर वाहन चालकों/परिचालकों की नियुक्ति की गई है, तो 16 वर्षों तक उन्हें नियत वेतन पर संविदा पर क्यों रखा गया है।

यह समान कार्य समान वेतन सिद्धांत का उल्लंघन है और संविधान के अनुच्छेद 14, 16 एवं 39 (डी) का भी उल्लंघन है। सरकार को एक आदर्श नियोक्ता होना चाहिए।

पीठ ने याचिका स्वीकार कर तीन माह में सभी याचिकाकर्ताओं को नियमित पद पर स्थायी करते हुए पद का नियमित वेतनमान देने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि उन वाहन चालकों/परिचालकों को भी नियमित किया जाए जो इस याचिका में पक्षकार नहीं हैं। वे तीन माह में अपना प्रतिवेदन दें, जिस पर विधिवत कार्यवाही कर उन्हें भी स्थायी कर्मचारी का दर्जा और पद का वेतनमान दिया जाए।

एनएसएस राज्य स्तरीय शिविर में तविषी ने दिखाई नेतृत्व क्षमता

नप्र, भोपाल: माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की छात्रा तविषी देवरानी ने चित्रकूट में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। चित्रकूट के दीनदयाल शोध संस्थान, उद्यमिता परिसर में 8 से 14 मार्च तक आयोजित इस सात दिवसीय शिविर में प्रदेश के सात विश्वविद्यालयों के लगभग 625 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, डिजिटल साक्षरता, व्यक्तित्व विकास और सामुदायिक सेवा की भावना को विकसित करना था। ग्राउंड रिपोर्टिंग और दैनिक गतिविधियों की कंटेंट राइटिंग का कार्य सफलतापूर्वक किया। उनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता की सभी ने सराहना की।

संतोष चौबे अति विशिष्ट साहित्य विभूषण सम्मान-2026 से सम्मानित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : नई दिल्ली में बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स द्वारा आयोजित भव्य समारोह में वरिष्ठ कवि, कथाकार और शिक्षाविद संतोष चौबे को 'अति विशिष्ट साहित्य विभूषण सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें साहित्य, कला, संस्कृति, हिंदी भाषा और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

समारोह में यह सम्मान प्रतिष्ठित कथाकार ममता कालिया, व्यंग्यकार प्रेम जनमेजय तथा संस्था के अध्यक्ष संजीव कुमार द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश के अनेक साहित्यकारों और साहित्यप्रेमियों की उपस्थिति रही।

संतोष चौबे विश्व रंग के निदेशक और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं। उन्होंने वर्ष 2019 में भोपाल से अंतरराष्ट्रीय 'विश्वरंग' महोत्सव की शुरुआत की, जो आज 70 से अधिक देशों तक फैल चुका है। मॉरीशस, श्रीलंका, दिल्ली और मुंबई सहित विभिन्न स्थानों पर इसके आयोजन हो चुके हैं, जिससे हिंदी के वैश्विक विस्तार को नई दिशा मिली है।

एमसीयू में प्रतिभा-2026 के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा

नप्र, भोपाल: स्थित एमसीयू में वार्षिकोत्सव 'प्रतिभा-2026' के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एकल अभिनय और एकल गायन भारतीय विधाओं में प्रतिभागियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। एकल अभिनय प्रतियोगिता में 28 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों और निर्णायकों ने खूब सराहा। वहीं एकल गायन में प्रतिभागियों ने नॉन-फिल्मी गीतों, गजल और अन्य रचनाओं के माध्यम से अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने टीम बनाकर अपने ज्ञान का परिचय दिया। निबंध प्रतियोगिता में भी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

गुना-अशोकनगर और गुना-भोपाल हाईवे पर मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन

नप्र, भोपाल: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने मध्य प्रदेश एलएसए के अंतर्गत गुना एवं अशोकनगर शहरों और आसपास के क्षेत्रों तथा गुना-भोपाल हाईवे पर मोबाइल सेवा प्रदाताओं की नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया।

यह इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) जनवरी-फरवरी 2026 के दौरान विभिन्न वातावरणों में आयोजित किया गया, जिसमें 196.7 किमी सिटी, 201.2 किमी हाईवे और 1.5 किमी वॉक टेस्ट शामिल रहे। परीक्षण में 2जी, 3जी, 4जी और 5जी नेटवर्क पर वॉयस एवं डेटा सेवाओं का मूल्यांकन किया गया। कॉल सेटअप सक्सेस रेट में आरजेआईएल 100प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा, जबकि एयरटेल 99.01प्रतिशत, वीआईएल 98.78प्रतिशत और बीएसएनएल 77.71प्रतिशत पर रहा। ड्रॉप कॉल रेट में एयरटेल 0.00% के साथ बेहतर प्रदर्शन में रहा, जबकि बीएसएनएल में यह 2.51प्रतिशत दर्ज किया गया।

डेटा सेवाओं में आरजेआईएल की औसत डाउनलोड गति 188.58 एमबीपीएस के साथ सर्वश्रेष्ठ रही, जबकि एयरटेल 120.64 एमबीपीएस पर रहा। बीएसएनएल और वीआईएल की गति क्रमशः 12.59 और 18.95 एमबीपीएस रही।

पश्चिम मध्य रेलवे का राजस्व 8186 करोड़ पहुंचा

भोपाल: पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2025 से फरवरी तक ग्यारह माह में 8186 करोड़ रुपये का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.76 प्रतिशत अधिक है और रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से लगभग 4 प्रतिशत ज्यादा है। उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 1852 करोड़ 05 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया।यात्री यातायात से 2341.60 करोड़, माल यातायात से 5465.92 करोड़, अन्य कोचिंग से 167.54 करोड़ और विविध आय से 210.94 करोड़ रुपये शामिल हैं।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल भोपाल में विभिन्न पद/कार्य हेतु अस्थाई कुशल/अकुशल कर्मचारी की नियुक्ति (सिर्फ अस्थाई)

विज्ञप्ति

इस ग्रुप केन्द्र कैम्प परिसर के आवासीय व गैर-आवासीय भवनों के दिन-प्रतिदिन के रखरखाव का निष्पादन करने हेतु कुल-12 श्रमिक एवं कचरा संग्रह हेतु एक वाहन (ट्रैक्टर के साथ ट्रॉली एवं ड्राईवर तथा हेल्पर सहित) कुशल/अकुशल श्रमिक की नियुक्ति अस्थाई तौर पर किया जाना है। भर्ती होने वाले अस्थाई कुशल/अकुशल श्रमिक को अधिकतम 89 दिनों के लिए भर्ती किया जावेगा तथा उनका दैनिक वेतन,केन्द्र सरकार के श्रम मंत्रलाय के आदेश संख्या-F.No.1/6(3)/2025-LS-II) Dated 28/03/2025 एवं श्रमायुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश शासन, इन्दौर के पत्र क्रमांक 6/11/अन्वे/पाँच/2024/10255, इन्दौर, दिनांक 28/03/2025 में निहित आदेश के अनुसूची-क में ट्रेड के आधार पर दैनिक वेतन निर्धारित किया गया है के अनुसार भुगतान किया जायेगा जो कि मासिक तौर पर देय होगा। रिक्त/भर्ती किये जाने वाले पदों का विवरण निम्नानुसार है-

क्रं.सं.	कार्य/पद का नाम	अभ्युक्ति (for FLM Head)	अभ्युक्ति (मदिरा सब कैन्टीन लाभांश से तथा हिरामन गैस एजेंसी लाभांश से)
01	सफाई कर्मचारी (अकुशल)	10	-
02	एक कचरा संग्रह हेतु वाहन (ट्रैक्टर साथ में ट्राली एवं ड्राईवर तथा हेल्पर सहित)	01	-
03	हिरामन गैस एजेंसी से गैस सिलेण्डर आवासीय भवनों में पहुंचाने हेतु (अकुशल)	-	01
04	मदिरा सब कैन्टीन में टैली साफ्टवेयर तथा अन्य कार्यालय संबंधित कार्यों को करने हेतु सिविल लिपिक (कुशल)	-	01
	कुल	10 एवं 01 कचरा संग्रह वाहन	02

इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन उप महानिरीक्षक/संपदाधिकारी, ग्रुप केन्द्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल बंगरसिया, भोपाल (म.प्र.) के नाम पर लिखना होगा, जिसे ग्रुप केन्द्र के पराक्रम द्वार गेट नम्बर 02 से निम्न दस्तावेजों के साथ दिनांक 19/03/2026 सुबह 10:00 बजे मैन्स क्लब में रिपोर्ट करेंगे। **संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों का विवरण** :-1) आवेदन पत्र। 2) आधार कार्ड की छायाप्रति। 3) कोई एक अन्य आई.डी. (पहचान पत्र)। 4) 02 नग पासपोर्टसाईज फोटोग्राफ। 5) इलेक्ट्रिशियन एवं प्लम्बर हेतु आई.टी.आई. व समतुल्य प्रमाणपत्र। 6) बचनबद्धता प्रमाण पत्र। 7) बैंक खाता का छायाप्रति।

उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र केरिपुबल भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अशोक विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल

Fax & Phone No.0755-2930001, E-Mail I.D.emphbpl@mp.nic.in

क्रमांक 356/तक/का.यं./लो.स्वा./मैके. खण्ड/ भोपाल/2026/ दिनांक 13/03/2026

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 38(द्वितीय आमंत्रण)/2025-26 दिनांक 13.03.2026 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_490177_1 दिनांक 13.03.2026

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् मैकेनिकल उपखण्ड नर्मदापुरम की बी. ई. सी. (सी.आर.) 03 विभागीय रिंग मशीन में विशेष सुधार कार्य के लिये कलपुर्जे क्रय हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 23.03.2026 सायं 17.00 बजे बजे तक अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठित फर्म जिन्हें इस प्रकार के कार्य का अनुभव प्राप्त हो, से फार्म-C पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि की पावती, अधिकृत विक्रेता के पंजीयन का प्रमाण-पत्र/अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन लाईन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 24.03.2026 को सायं 17.15 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रूपये 2,02,096.00/- (रूपये दो लाख दो हजार एवं छियान्वे) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रूपये 4,042/-(रू. चार हजार एवं बयालीस) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटस) राशि रूपये 2000/ ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत वेबसाईट: https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परशिष्ट /संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

कार्य का विवरण	टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.)	धरोहर राशि (रू.)	टेण्डर का मूल्य (रू.)	टेण्डर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि	टेण्डर खुलने की तिथि
मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अन्तर्गत मैकेनिकल उपखण्ड नरर्मदापुरम की बी. ई.सी. (सी.आर.)03 विभागीय रिंग मशीन में विशेष सुधार कार्य हेतु कलपुर्जे क्रय	2,02,096.00	4.042.00	2,000.00	23.03.2026 17.00 बजे तक	24.03.2026 17.15 बजे

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्ते एवं विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_490177_1 दिनांक 13.03.2026 पर उपलब्ध है।

जी-27489/25 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वा. यां.वि.मैके. खण्ड भोपाल**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल

प्रकरण क्रमांक 1000/बी-121/2025-26

सूचना

(म.प्र. पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1951 की धारा 5 (1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1952 के नियम 5 (1) के अन्तर्गत)

जैसा कि आवेदक अधिकृत प्रतिनिधि श्री अशोक जैन, श्री कुंदकुंद कहान दिगम्बर जैन ट्रस्ट पता ई-2/103, अरेरा कॉलोनी, जिला भोपाल द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ट्रस्टी सदस्य श्री अजित कुमार जैन पुत्र स्व. श्री मूलचंद जी मोदी का दिनांक 20/08/2016 को निधन हो जाने से उत्पन्न रिक्त पद पर ट्रस्ट के सर्वसम्मत निर्णयानुसार श्री आशीष कुमार जैन पुत्र स्व. श्री अजित कुमार जैन नि. 157, ग्रीन पार्क कॉलोनी, भोपाल को ट्रस्टी सदस्य नियुक्त किया गया। इसी प्रकार ट्रस्टी सदस्य श्री मुकेश कुमार जैन पुत्र स्व. श्री राजेश जैन द्वारा त्यागपत्र दिए जाने से उत्पन्न रिक्त पद पर ट्रस्टी के निर्णयानुसार श्री चिन्मय कुमार जैन पुत्र श्री सनत जैन घर संसार स्टोर्स माधव बाग, विदिशा को ट्रस्टी सदस्य नियुक्त किया गया। ट्रस्ट की बैठक दिनांक 20/07/2025 में उपर्युक्त समस्त ट्रस्टी परिवर्तनों की पुनः पुष्टि करते हुए अनुमोदन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। **एतद् द्वारा सूचित** किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा 13/04/2026 को विचार में लिया जावेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो या कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के एक माह के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर, एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल

3975

In The Court Of X Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal

Presiding Officer : **शरद जायसवाल**

(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक MJC SUC/0000135/2025)

श्रीमती रानी सोनी..... **आवेदक** VS सर्वसाधारण..... **अनावेदक**

Process ID/2026 पेशी दि.: **11/05/2026**

प्रेषिती-1. सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण, 2. आम जनता। **आम जनता** को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रानी सोनी पता ने मृतक स्व. श्री राजकुमारी सोनी निवासी बी-208, न्यू अशोका गार्डन, भोपाल की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 11 May 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 11 May 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 23 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दे**: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

शरद जायसवाल, न्यायाधीश

दशम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड भोपाल (म.प्र.)

3974

सूडोकु नवताल- 7722

★★★★★ कठिनतम

7							4	
		5		3			7	
					8			2
					1	9		
	2						8	
		6	7					
1			4					
	9			2		5		
	8							1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 7721 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

काकुरो पहेली - 7395



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 7394 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8792



बाएँ से दाएँ

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2,3
15. चोरी करना-2,3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. गहीन व मूल्यवान कपड़ा-4

ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

शब्द पहेली -8791 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7219



बायें से दायें:-

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शमिता की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम इतना बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरूख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजु निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, जीनत की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ उड़ जाये' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत नें दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ऐ चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'आँखों में नींदें ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7218

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7328

4	2	7		3	5	
	33		33		26	7
		4	6			3
5	34	3	30	6	32	
6				5		2
	30	5	33	7	39	
1			3			4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7327 का हल

7	2	4	6	3	5	1
2	33	2	33	4	26	7
4	5	7	6	1	2	3
3	34	5	40	6	32	6
1	3	6	4	5	7	2
5	30	3	31	7	39	5
6	5	1	3	2	7	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8328

ग	क	ल	ड	व	ल	र्प	धी	ऊं	ल	ज
र	धा	ल	भैं	स	ति	ड्र	इं	ट	ट	वा
त	स	या	ल	बि	ल्ली	रा	रा	आ	ख	गा
ब	ज	ज	सु	पु	र	रा	प	ए	ली	य
म	क	दो	ग	ल्ता	लं	स	तू	उ	झ	म
स	क	री	प	ख	न	पू	ना	फ	घ	त
त्ते	अ	स	त	र	प	न	श	ज	ला	ट
पे	ता	दा	ई	गो	ब	कु	फ	रा	श	न
बं	बा	चे	न	श	जी	ई	त्ता	ल	प	रु
द	पा	ला	ल	न	क	दु	र	शा	स्त्री	ता
र	रा	जी	घो	ड़ा	धी	रा	इ	फ	ई	त

शब्दजाल में दस पालतू जानवरों के नाम ढूंढिए. दिए गए दस नाम उपर से नीचे व तिरछे भी हो सकते हैं.

खरगोश, बिल्ली, कुत्ता, गाय, भैंस, ऊंट, गधा, बकरी, बंदर, घोड़ा

शब्दजाल - 8327 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore